# महिला सशक्तिकरण का बनेगा इतिहास

## रवीन्द्र भवन में हुए नारी शक्ति वंदन सम्मेलन को संबोधित करते हुए सीएम ने कहा

▶ 16 को होली और दीपावली एक साथ मनाएगा देश

**प्रशासनिक संवाददाता**

**भोपाल, 15 अप्रैल. मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने बुधवार को नारी शक्ति वंदन कार्यक्रम प्रबद्धजन-सम्मेलन को संबोधित किया. राजधानी के रवीन्द्र भवन में हुए राज्य स्तरीय सम्मेलन को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने राजमाता विजयाराजे सिंधिया के योगदान की जमकर तारीफ की और उनकी तुलना झांसी की रानी लक्ष्मीबाई से की.**

उन्होंने कहा कि 16 अप्रैल की तारीख महिला सशक्तिकरण के इतिहास में स्वर्णिम अक्षरों में दर्ज होगी. इस दिन देश होली और दीपावली एक साथ मनाएगा.



### मुख्यमंत्री ने टॉपर बालिकाओं को किया सम्मानित

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने माध्यमिक शिक्षा मंडल की हायर सेकेंड्री बोर्ड परीक्षा में संयुक्त टॉपर रहीं भोपाल की कुमारी खुशी राय और कुमारी चांदनी विश्वकर्मा एवं हाई स्कूल परीक्षा की टॉपर पन्ना जिले की छात्रा कुमारी प्रतिभा सिंह सोलंकी को अंगवस्त्रम के साथ नारियल और पौधा भेंट कर सम्मानित किया. मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने महिला सशक्तिकरण पर लगाई गई प्रदर्शनी का अवलोकन किया.

सीएम ने राष्ट्रपति के पद पर द्रौपदी मुर्मु के मनोनयन को देश के सर्वोच्च पद पर मातृ शक्ति के गौरव का प्रतीक बताया. उन्होंने कहा कि जिस तरह से झांसी की रानी ने तलवार उठाकर अंग्रेजों की सत्ता को चुनौती दी थी, ठीक उसी तरह राजमाता सिंधिया ने भी कांग्रेस शासन के समय हुए अन्याय और बस्तर के राजा के साथ हुए अपराध के विरोध में राजसी सुखों का त्याग कर दिया था और जनबल के माध्यम से सत्ता को हिला दिया था. राजमाता ने कभी पद का मोह नहीं किया, केवल और केवल जनता की ही लड़ाई लड़ती रहीं. सम्मेलन के दौरान मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने पीएम मोदी की भी जमकर तारीफ की. उन्होंने कहा कि असंभव काम को संभव बनाना पीएम मोदी की पहचान है. शाहबानो प्रकरण का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा कि 40 वर्ष पहले जो गलती लोकसभा में हुई थी, उसे सुधारने का काम पीएम मोदी ने किया है. तीन तलाक के दंश से मुस्लिम बहनों को मुक्ति दिलाने का काम किया गया है.

> **सीएम आज सिवनी मालवा में रोड शो करेंगे**
>
> मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव गुरुवार 16 अप्रैल को सिवनी मालवा में नर्मदापुरम-टिमरनी मार्ग का इंटरमीडिएट से 2-लेन पक्के शोल्डर सहित हाइब्रिड एन्यूटी मॉडल का उन्नयन एवं पुनर्निर्माण कार्य का भूमि-पूजन करेंगे. मुख्यमंत्री पहले दक्षिणमुखी हनुमान मंदिर में पूजन-अर्चन कर रोड शो करेंगे.

# केजरीवाल ने एक और एफिडेविट किया दाखिल

**जस्टिस स्वर्णकांता शर्मा की कोर्ट में जज के दोनों बच्चों का मुद्दा उठाया**

**जस्टिस स्वर्ण कांता शर्मा से सुनवाई से अलग होने की मांग की**

**नई दिल्ली, 15 अप्रैल. दिल्ली के पूर्व सीएम अरविंद केजरीवाल ने जस्टिस स्वर्णकांता शर्मा की कोर्ट में एक और एफिडेविट दाखिल किया है. इसमें जज के दोनों बच्चों का मुद्दा उठाया है. कहा गया कि जज के दोनों बच्चे तुषार मेहता के अंडर में काम करते हैं, तुषार मेहता उनके बच्चों को केस देते हैं. सीबीआई की तरफ से मेहता ही वकील हैं.**

असल में अरविंद केजरीवाल ने कहा है कि जस्टिस स्वर्णकांता शर्मा ऐसे में तुषार मेहता के खिलाफ कैसे ऑर्डर देंगी. इससे पहले सोमवार को दिल्ली हाईकोर्ट में ही शराब नीति मामले



की सुनवाई के दौरान केजरीवाल ने खुद कोर्ट में पेश होकर अपनी दलीलें रखीं. उन्होंने जस्टिस स्वर्ण कांता शर्मा से इस मामले की सुनवाई से अलग होने (रिक्यूजल) की मांग की.

केजरीवाल का कहना है कि वे इस केस में आरोपी नहीं, बल्कि ट्रायल कोर्ट द्वारा बरी किए गए व्यक्ति की हैसियत से कोर्ट के सामने खड़े हैं.

उस समय कोर्ट रूम में बिना किसी वकील की मदद के केजरीवाल ने सम्मान के साथ लेकिन दृढ़ता से जस्टिस शर्मा को संबोधित करते हुए कहा, मैडम, मैं न्यायपालिका का सम्मान करता हूं, लेकिन इस मामले में मुझे आपकी निष्पक्षता पर गंभीर संदेह है. उन्होंने रिक्यूजल के पक्ष में कई ठोस आधार रखे, जिनमें पिछले आदेशों का स्वरूप, समय सीमा, बेल याचिकाओं पर टिप्पणियां और अन्य मुद्दे शामिल थे.

> वहीं सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने इस अर्जी को थिएट्रिक्स करार दिया था, लेकिन केजरीवाल ने कहा कि वे कानूनी अधिकारों का इस्तेमाल कर रहे हैं. इस पूरे मामले की शुरुआत दिल्ली शराब नीति (एक्साइज पॉलिसी) 2021-22 से जुड़ी कथित अनियमितताओं से हुई थी. ट्रायल कोर्ट ने केजरीवाल समेत 23 आरोपियों को सभी आरोपों से बरी कर दिया था. कोर्ट ने सीबीआई की जांच पर सवाल उठाते हुए कहा था कि यह जांच पूर्व-निर्धारित षड्यंत्र लगती है. सबूत बाद में गढ़े गए.

# पुरुष अभ्यर्थियों को भर्ती प्रक्रिया में शामिल करने के निर्देश

▶ नर्सिंग ऑफिसर के पदों पर होने वाली भर्ती का मामला

**जबलपुर, 15 अप्रैल. मप्र हाईकोर्ट ने प्रदेश के सरकारी मेडिकल कॉलेजों में नर्सिंग ऑफिसर के पदों पर होने वाली भर्ती प्रक्रिया में पुरुष अभ्यर्थियों को शामिल करने के निर्देश दिए हैं.**

जस्टिस विशाल धगट की एकलपीठ ने उक्त अंतरिम आदेश देते हुए आवदेकों के परीक्षा परिणाम याचिका के अंतिम निर्णय के अधीन रखने के निर्देश दिए. इसके साथ ही मामले में लोक स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा विभाग सहित मध्यप्रदेश कर्मचारी चयन मंडल को नोटिस जारी कर जवाब मांगा है. उक्त पदों में महिलाओं को सौ फीसदी आरक्षण दिए जाने को चुनौती दी गई थी.

दरअसल संतोष कुमार लोधी व अन्य पुरुष अभ्यर्थियों ने हाईकोर्ट में याचिका दायर कर जारी नर्सिंग ऑफिसर के भर्ती विज्ञापन को चुनौती दी है.

# विकसित भारत 2047 के लिए नौ संकल्प

## पीएम मोदी ने कहा- जनता को संभालनी होगी कमान

**बेंगलुरु, 15 अप्रैल. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बुधवार को 'विकसित भारत के लिए नौ संकल्प' लेने का अनुरोध किया और कहा कि यदि हम सभी इन नौ संकल्पों पर ईमानदारी और दृढ़ संकल्प के साथ आगे बढ़ें तो हम विकसित भारत 2047 बनाने की यात्रा में तेजी ला सकते हैं.**

प्रधानमंत्री ने मांड्या जिले के आदिचुंचनगिरी मठ में विशाल जनसभा को संबोधित किया और



कहा कि यह पहल क्षेत्रीय सीमाओं से परे है और सामूहिक भागीदारी एवं जीवनशैली में बदलाव के लिए राष्ट्रव्यापी आह्वान का प्रतिनिधित्व करती है. उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि नागरिकों की व्यक्तिगत आदतें और दैनिक विकल्प देश के भविष्य को आकार देने में निर्णायक भूमिका निभाएंगे. उन्होंने कहा, यदि हम सभी इन नौ संकल्पों पर ईमानदारी और दृढ़ संकल्प के साथ आगे बढ़ें तो हम विकसित कर्नाटक और विकसित भारत की ओर प्रगति को तेज कर सकते हैं. विकास को केवल सरकार संचालित प्रयास के बजाय जन-आंदोलन के रूप में प्रस्तुत करते हुए प्रधानमंत्री ने जोर दिया कि परिवर्तन की शुरुआत रोजमर्रा के व्यवहार के स्तर से होनी चाहिए.

# पेशी पर आए आरोपी से मिलने पहुंचा छोटा राजन गैंग का शूटर

▶ समझौता करने कोर्ट परिसर में बनाया दबाव

▶ सुरक्षा एजेंसियों के साथ पुलिस जांच में जुटी

**जबलपुर, 15 अप्रैल. ओमती थाना अंतर्गत जिला न्यायालय में एक मामले की सुनवाई के दौरान उत्तर प्रदेश के वाराणसी का एक कुख्यात गैंगस्टर और छोटा राजन गैंग का कथित शूटर जेल से पेशी पर आए आरोपी से मिलने पहुंचा.**

आरोप है कि इस दौरान बदमाश ने समझौता करने दबाव बनाया बल्कि अधिवक्ताओं को भी धमकाया. सूत्रों के मुताबिक मामले को लेकर सुरक्षा एजेंसियों के साथ पुलिस छानबीन में जुट गई है. नवभारत से चर्चा के दौरान एक वरिष्ठ अधिवक्ता ने नाम न छापने की शर्त पर बताया कि वे विगत दिवस 13 अप्रैल 2026 को जिला न्यायालय जबलपुर में कोर्ट नं. 50 में मप्र शासन विरुद्ध स्वप्निल ब्यौहार में पीड़िता अपर्णा चक्रवर्ती की गवाही कराने कोर्ट गए थे.



# 3 मंजिला मकान में भीषण आग, महिला की मौत

**भिंड, 15 अप्रैल. जिले के गोरमी कस्बे में एक दुखद घटना घटी है, एक तीन-मंजिला इमारत में भीषण आग लग गई. आग पहली मंजिल पर स्थित एक फर्नीचर और इलेक्ट्रॉनिक्स की दुकान में किसी अज्ञात कारण से लगी. तेजी से पूरी इमारत में फैल गई. लकड़ी और ज्वलनशील पदार्थों की मौजूदगी के कारण आग तेजी से भड़क उठी और एक विकराल रूप ले लिया.**

घटना के समय परिवार के सभी सदस्य ऊपरी मंजिलों पर थे. जिसके चलते दम घुटने से एक महिला की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि दो अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए और उन्हें ग्वालियर के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है. यह घटना गोरमी कस्बे में मेहगांव रोड पर हुई. इस दुखद घटना ने एक हंसते-खेलते और खुशहाल परिवार की खुशियां छीन लीं. घर के परिसर में ही स्थित फर्नीचर और इलेक्ट्रॉनिक्स की दुकान से काले धुएं के घने बादल उठने लगे. इससे पहले कि कोई समझ पाता कि आखिर हो क्या रहा है, लकड़ी के फर्नीचर और रसायनों ने आग को इतनी तेजी से भड़का दिया कि पूरी तीन-मंजिला इमारत उसकी चपेट में आ गई. घटना की सूचना मिलते ही दमकल की गाड़ियां मौके पर पहुंचीं और दो घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद आखिरकार आग पर काबू पा लिया गया.

> इस घटना में 80 लाख रुपये की संपत्ति जिसमें तीन मोटरसाइकिलें, फ़र्नीचर, एक रेफ़्रिजरेटर, एक एयर कंडीशनर, एक टेलीविजन और एक कूलर शामिल थे जलकर राख हो गई. घटना के समय अरुण उपाध्याय का पूरा परिवार ऊपरी मंजिल पर था. परिसर में फैल रहा जहरीला धुआं, आग की लपटों से भी ज्यादा खतरनाक साबित हुआ. दम घुटने के कारण अरुण की पत्नी सुनीता उपाध्याय की मौके पर ही मृत्यु हो गई.

# अज्ञात वाहन की टक्कर से युवक की मौत

**भिण्ड.** नेशनल हाईवे-719 पर अज्ञात वाहन की टक्कर से 24 वर्षीय युवक की मौत हो गई. पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है. अटेर रोड स्थित उदोतगढ़ गांव निवासी सुग्रीव धानुक किसी निजी कार्य से बाइक से भिण्ड आ रहा था. जैसे ही वह भारौली तिराहे के पास पहुंचा, तभी तेज रफ्तार अज्ञात वाहन ने उसकी बाइक को जोरदार टक्कर मार दी. टक्कर इतनी भीषण थी कि युवक गंभीर रूप से घायल होकर सड़क पर गिर पड़ा.

# आभूषण चुराने वाला गिरफ्तार

**पांढुरना, 15 अप्रैल. महाराष्ट्र पुलिस की तरह ही छत्तीसगढ़ पुलिस ने भी बीते दिवस नगर के कब्बाडी के मोहल्ले के एक चोर युवक को पकड़ अपने साथ ले गई है. इन्हें इसी मोहल्ले में रहने वाले एक अन्य युवक की भी तलाश है, बताया जा रहा है कि इन युवकों ने छत्तीसगढ़ के सराफा व्यापारी से तीन करोड़ के सोने चांदी के आभूषण चुरा लाए थे.**

उल्लेखनीय है कि नगर के शास्त्री वार्ड के कब्बाडी मोहल्ले में रहने वाले कुछ युवकों द्वारा पडोसी राज्य महाराष्ट्र तथा छत्तीसगढ़ के लोगों के घरों से चोरी कर उस सामग्री को यहां के व्यापारियों को औने-पौने दामों में बेच देते है, जिसके चलते ही कम समय में यहां के कई नामचीन व्यापारी लाखों करोड़ों के चल अंचल संपत्ति के मालिक बन बैठे है. हाल ही में महाराष्ट्र पुलिस द्वारा इसी कब्बाडी मोहल्ले के तीन युवकों को पकड़ अपने साथ ले गई थी.

# कूनो से निकला चीता फिर घाटीगांव पहुंचा

**ग्वालियर, 15 अप्रैल. जिले के घाटीगांव स्थित सोन चिरैया अभयारण्य में केजीपी-1 चीता दोबारा पहुंच गया है. श्योपुर के कूनो नेशनल पार्क से करीब 15 दिन पहले निकला यह चीता लंबा सफर तय कर उसी क्षेत्र में लौटा है, जहां वह तीन महीने पहले भी रह चुका है.**

वन विभाग के अनुसार चीते को रेडियो कॉलर के जरिए ट्रैक किया जा रहा है. कूनो से निकलने के बाद उसने आरोन और



सिमरैया क्षेत्रों को पार कर घाटीगांव के जंगलों में प्रवेश किया. यह वही चीता है, जिसने कुछ महीने पहले घाटीगांव के जंगलों को अस्थायी ठिकाना बनाया था. दोबारा वापसी को लेकर विभाग सतर्क है. विशेषज्ञों के अनुसार क्षेत्र में पर्याप्त शिकार और सुरक्षित परिस्थितियां चीते के बार-बार आने का कारण हो सकती हैं.

> **गांवों में सतर्कता बढ़ाई**
>
> वन विभाग ने अभयारण्य से लगे गांवों के लोगों को सतर्क रहने की सलाह दी है. मवेशियों को खुले में न छोड़ने और रात में सावधानी बरतने को कहा गया है.

# घोटाला में सरपंच बर्खास्त

**खरगोन, 15 अप्रैल. मध्यप्रदेश के खरगोन जिले की गोगावां ग्राम पंचायत में लगभग 50 लाख रुपये की वित्तीय अनियमितताओं और सार्वजनिक धन के दुरुपयोग के मामले में महिला सरपंच रेशमा बाई राणा को पद से बर्खास्त कर दिया गया है. साथ ही उनके खिलाफ उक्त राशि की वसूली के आदेश जारी किए गए हैं और उन्हें छह वर्षों के लिए पंचायत चुनाव लड़ने से अयोग्य घोषित किया गया है.**

जिला पंचायत द्वारा कराई गई जांच में गंभीर वित्तीय गड़बड़ियां सामने आईं. जांच रिपोर्ट के आधार पर मध्य प्रदेश पंचायत राज एवं ग्राम स्वराज अधिनियम के तहत कार्रवाई करते हुए जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी मिलिंद कुमार नागदेवे ने यह आदेश जारी किया.

जांच में पाया गया कि वर्ष 2018-19 के दौरान विभिन्न मदों में प्राप्त लगभग 21.25 लाख रुपये में से 19.63 लाख रुपये नियमों के विपरीत खर्च किए गए. निर्माण कार्यों में भी अनियमितताएं उजागर हुईं, जहां पावर ब्लॉक, सीसी रोड और नाली निर्माण जैसे कार्यों में स्वीकृत राशि से अधिक भुगतान किया गया और गुणवत्ता मानकों की अनदेखी की गई.

रिकॉर्ड के अनुसार 38.94 लाख रुपये खर्च दर्शाए गए, जबकि जांच में केवल 27.14 लाख रुपये के कार्य ही संतोषजनक पाए गए, जिससे करीब 11.80 लाख रुपये के अतिरिक्त भुगतान का मामला सामने आया. इसके अलावा ट्रैक्टर किराया, स्वच्छता कार्य और मजदूरी भुगतान में भी गड़बड़ियां मिलीं तथा कई आवश्यक अभिलेख गायब पाए गए. यह शिकायत उप सरपंच अमरसिंह कदम द्वारा की गई थी.

# दसवीं की छात्रा ने लगाई फांसी

**छिंदवाड़ा.** परासिया की रहने वाली दसवी की छात्रा ने परिक्षा परिणाम सुनने के बाद ननिहाल में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली है. इस दर्द विदारक घटना ने लोगों को झकझौर कर रख दिया है. जानकारी अनुसार सानिया पिता सतीश मालवी उम्र 17 साल परासिया की रहने वाली है. वह कुछ दिनों से ननिहाल आई हुई थी. बुधवार को वह अपना रिजल्ट देख वह सदमे में चली गई. वह तीन विषयों में फैल हो गई थी. इसके बाद वह सीधे बाथरूम चली गई. तकरीबन आधा धंटे तक बाहर नहीं निकली. इसके बाद उसकी छोटी बहन ने बाथरूम जाकर दरवाजा खटखटाया, लेकिन नहीं खुला. उसने यह बात परिजनों का बताई. परिजनों ने दरवाजा तोड़ दिया. जैसे ही दरवाजा खुला फांसी पर लटका देखकर सभी दंग रह गए.

# प्रसूता के पेट में नैपकिन छूटने पर डॉक्टर-नर्सिंग ऑफिसर निलंबित

**खरगोन, 15 अप्रैल. मध्यप्रदेश के खरगोन जिला अस्पताल में डिलेवरी के दौरान प्रसूता के पेट में सर्जिकल नैपकिन छूटने के मामले में जांच उपरांत डॉक्टर और नर्सिंग ऑफिसर को निलंबित कर दिया गया है.**

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी दौलत सिंह चौहान के अनुसार आयुक्त, लोक स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा विभाग ने जिला अस्पताल खरगोन में पदस्थ स्त्री एवं प्रसूति रोग विशेषज्ञ डॉ. मोहित गुप्ता को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है. वहीं क्षेत्रीय संचालक, स्वास्थ्य सेवाएं इंदौर संभाग द्वारा नर्सिंग ऑफिसर दिव्या वर्मा को भी निलंबित किया गया है.

उन्होंने बताया कि 17 मार्च को खरगोन जिले की भीकनगांव तहसील के सेल्दा गांव निवासी 30 वर्षीय मनीषा घोरमाड़े की सिजेरियन ऑपरेशन के माध्यम से प्रसूति कराई गई थी. 21 मार्च को अस्पताल से छुट्टी मिलने के बाद महिला को लगातार पेट में दर्द बना रहा. बाद में 31 मार्च को एक निजी अस्पताल में दोबारा ऑपरेशन किए जाने पर उसके पेट से सर्जिकल नैपकिन निकली, जिसके बाद मामला उजागर हुआ.

> घटना की शिकायत मिलने पर जिला कलेक्टर भव्या मित्तल ने जांच के निर्देश दिए थे. जांच में डॉ. मोहित गुप्ता और नर्सिंग ऑफिसर दिव्या वर्मा की लापरवाही सामने आने पर कलेक्टर ने जांच प्रतिवेदन अनुशंसा सहित उच्च अधिकारियों को भेजा, जिसके आधार पर यह कार्रवाई की गई.

# 7 माह से फरार कांग्रेस नेता का आरोपी पुत्र गिरफ्तार

**सिंगरौली.** निवास पुलिस ने 7 माह से फरार एक एनडीपीएस के आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय पेश किया, जहां से उसे जेल भेज दिया गया है. आरोपी कांग्रेस नेता का पुत्र है. निवास पुलिस चौकी से मिली जानकारी के अनुसार मुखबिर की सूचना पर आरोपीगण राजीव शुक्ला, राकेश साह, अंकुश साहू से प्रतिबंधित कोडिन युक्त आनरेक्स कफ सिरप 820 शीशी जप्त कर चौकी निवास थाना सरई में धारा 5/13 औ.नि.अधि. 8/21,8/22 एनडीपीएस एक्ट कायम किया गया था, उक्त मामले के दो आरोपी दीपेश साहू, दीनेश साहू रेड कार्यवाही के समय घटना स्थल से फरार हो गये थे. जिनकी गिरफ्तारी के लिए एसपी द्वारा नगद इनाम उद्घघोषित किया गया था.


**एक नजर में** ▶ सीएम ने नवीन एवं नवकरणीय ऊर्जा विभाग की समीक्षा बैठक में दिए निर्देश

# किसानों को सोलर पंप के लिए प्रोत्साहित करें : मुख्यमंत्री

**प्रशासनिक संवाददाता**

**भोपाल, 15 अप्रैल. मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि किसानों को निर्बाध रूप से सस्ती बिजली सुलभ कराना हमारी सरकार की प्राथमिकता है.**

इस काम के लिए सरकार किसानों को हर जरूरी मदद देने को तैयार है. किसानों को सस्ती बिजली मिलेगी, तो वे अपना उत्पादन भी बढ़ा सकेंगे और प्रदेश की प्रगति में भी योगदान दे सकेंगे. मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि किसानों को उनकी आवश्यकता के अनुरूप ऊर्जा प्राप्ति के लिए उन्हें स्वयं ऊर्जा उत्पादक बनाया जाए. इसके लिए किसानों को हरित ऊर्जा उत्पादन से जोड़ा जाए. ऊर्जा उत्पादन में आत्मनिर्भर बनाकर ही हम किसानों का जीवन स्तर बेहतर बना सकते हैं. प्रदेश के किसानों को सोलर पम्प का उपयोग करने के लिए हर तरीके से प्रोत्साहित किया जाए. किसानों को जो इससे जुड़ना चाहते हैं. विभाग उनका हरसंभव



सहयोग और मार्गदर्शन भी करे. मुख्यमंत्री डॉ. यादव बुधवार को मंत्रालय में नवीन एवं नवकरणीय ऊर्जा विभाग की प्रचलित योजनाओं की प्रगति की समीक्षा कर रहे थे. इस दौरान मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने विभागीय अधिकारियों से कहा कि राज्य के हित में किसानों और नागरिकों सभी को सस्ती बिजली उपलब्ध कराने के लक्ष्य के लिए समर्पित और फोकस्ड होकर आगे बढ़ें. किसानों को सोलर पम्प से जोड़ने के साथ-साथ प्रधानमंत्री सूर्य घर योजना की प्रगति में भी तेजी लाएं. उन्होंने कहा कि इस वित्तीय वर्ष के अंत तक 2 लाख से अधिक किसानों को सोलर पम्प से जोड़ने का लक्ष्य लेकर आगे बढ़ें। विभाग अपनी योजनाओं के वार्षिक लक्ष्यों की समीक्षा करें और नई जरूरतों के मुताबिक इन लक्ष्यों में वृद्धि करें, ताकि कम समय में अधिकतम लोगों को लाभ मिले. इसके लिए विभाग अपनी योजनाओं को टाइम फ्रेम में लेकर आएं और तय समय सीमा में ही लक्ष्यों का क्रियान्वयन सुनिश्चित करे. इससे तेज और अच्छे परिणाम प्राप्त होंगे.

**नगरीय निकाय कचरा बेचकर अर्जित कर सकते हैं आय**

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रदेश के सभी नगरीय निकाय कचरा बेचकर और प्रधानमंत्री सूर्य घर योजना रूफ टॉप स्कीम में तेजी से प्रगति लाकर अच्छी आय अर्जित कर सकते हैं.

नगरीय निकायों के पदाधिकारियों एवं अधिकारियों को इस विषय में प्रशिक्षण देने के लिए भोपाल में एक दिन का उन्मुखीकरण कार्यक्रम किया जाए.

> **छात्रावासों, आश्रमों के प्रबंधन में गायत्री परिवार का सहयोग लें**
>
> **भोपाल.** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि जनजातीय कार्य विभाग द्वारा संचालित छात्रावासों और आश्रमों में अध्ययनशीलता और देशभक्ति के सकारात्मक वातावरण को प्रोत्साहित किया जाए. छात्रावासों और आश्रमों के प्रबंधन में जन अभियान परिषद और गायत्री परिवार जैसी संस्थाओं से भी सहयोग लिया जाए. मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने बुधवार को जनजातीय कार्य विभाग की मंत्रालय में हुई समीक्षा बैठक में यह निर्देश दिए.

# महिला आरक्षण लागू करने पर उठाए सवाल

## सिंघार ने नारी शक्ति वंदन अभियान को लेकर आलोचना की

**विशेष संवाददाता**

**भोपाल, 15 अप्रैल. मध्यप्रदेश विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार ने भाजपा सरकार के 'नारी शक्ति वंदन अभियान' को लेकर तीखी आलोचना की है और संसद तथा विधानसभा में प्रस्तावित 33 प्रतिशत महिला आरक्षण की मंशा और क्रियान्वयन पर सवाल उठाए हैं.**

सिंघार ने कहा कि अनुसूचित जाति (स्ष्ट) और अनुसूचित जनजाति (स्ञ्) के लिए तो प्रावधान हैं, लेकिन अन्य पिछड़ा वर्ग (ह्क्ष्ट) की महिलाओं के आरक्षण को लेकर कोई स्पष्टता को बाहर रखना सामाजिक न्याय के सिद्धांतों के अनुरूप है?' उन्होंने यह भी कहा कि महिला आरक्षण को परिसीमन प्रक्रिया से जोड़ा गया है, जिसकी कोई स्पष्ट समय-सीमा



तय नहीं की गई है. इससे यह संदेह पैदा होता है कि क्या यह व्यवस्था 2028 के विधानसभा चुनाव से पहले लागू होगी या केवल राजनीतिक घोषणा बनकर रह जाएगी. विपक्ष के नेता ने यह भी पूछा कि सरकार प्रस्तावित 2027 की जातिगत जनगणना के निष्कर्षों का इंतजार क्यों नहीं करना चाहती. उनका कहना है कि अद्यतन सामाजिक-आर्थिक आंकड़ों के बिना आगे बढ़ना, विशेष रूप से ओबीसी समुदाय के लिए, समान प्रतिनिधित्व को प्रभावित कर सकता है. सिंघार ने यह भी जोड़ा कि स्थानीय निकायों में महिलाओं का आरक्षण कोई नई बात नहीं है और 1992-93 के 73वें और 74वें संविधान संशोधनों ने जमीनी स्तर पर सशक्तिकरण की मजबूत नींव रखी है.

> **अजय ने किया सोनिया के रुख का समर्थन**
>
> 
>
> **भोपाल.** कांग्रेस नेता अजय सिंह ने महिला आरक्षण विधेयक के मुद्दे पर सोनिया गांधी के रुख का जोरदार समर्थन करते हुए केंद्र की भाजपा सरकार पर तीखा हमला बोला है. गांधी द्वारा हाल ही में लिखे गए लेख में सामने रखे गए तथ्य सरकार के उस दावे की पोल खोलते हैं, जिसमें इस विधेयक को ऐतिहासिक बताया जा रहा है.